**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1995**
**दिनांक 17 दिसंबर, 2025 / 26 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए**

**जम्मू-कश्मीर में बाढ़ राहत और नुकसान का आकलन**

**1995. श्री सज्जाद अहमद किचलू:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) संघ राज्य क्षेत्र जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2025 की बाढ़ की अनुमानित क्षति का ब्यौरा क्या है, तत्संबंधी राहत, मुआवज़े और पुनर्स्थापना के लिए अब तक सरकार ने कितनी केंद्रीय सहायता राशि जारी की है एवं एसडीआरएफ, एनडीआएफ को जारी की गई अन्य केन्द्रीय आवंटन की तिथि तथा राशि के अलग-अलग आंकड़े क्या हैं; और**

**(ख) प्रभावित परिवारों, किसानों और छोटी व्यावसायिक इकाइयों को जिला-वार कितनी वित्तीय सहायता संस्वीकृत संवितरित की गई है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) यह मंत्रालय किसी भी आपदा के कारण हुए जान-माल के नुकसान से संबंधित आँकड़ों का केंद्रीय रूप से रखरखाव नहीं करता है। हालांकि, संघ राज्य क्षेत्र जम्मू-कश्मीर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 के दौरान दिनांक 10.12.2025 तक बाढ़/भारी बारिश के कारण 199 लोगों की जान गई, 11693 पशुओं की जान गई और 8404 मकान तथा 77915 हेक्टेयर फसल क्षेत्र को नुकसान पहुँचा है।

अधिसूचित आपदाओं के मद्देनजर, राज्यों को वित्तीय सहायता राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से प्रदान की जाती है, जबकि संघ राज्य क्षेत्रों के मामले में, राहत संघ राज्य क्षेत्र आपदा मोचन निधि (यूटीडीआरएफ) से प्रदान की जाती है। संघ राज्य क्षेत्र जम्मू-

**राज्य सभा अतारांकित प्र. सं. 1995 दिनांक 17.12.2025**

कश्मीर द्वारा 1 अप्रैल 2025 तक प्रारंभिक शेष के रूप में 2499.00 करोड़ रुपये की राशि खाते में उपलब्ध बताई गई है, जिसका उपयोग 2025-26 के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़, भूस्खलन सहित अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं के लिए राहत प्रबंधन हेतु किया जा सकता है। इसके अलावा, वर्ष 2025-26 के दौरान, मांग 58 के तहत आपदा मोचन निधि (डीआरएफ) के संबंध में संघ राज्य क्षेत्र जम्मू-कश्मीर को 279.00 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है, जिसमें से 209.25 करोड़ रुपये की राशि दिनांक 29.08.2025 को जारी की गई है।

जम्मू और कश्मीर में आई बाढ़/भूस्खलन के इस मामले में, संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर से कोई ज्ञापन प्राप्त हुए बिना ही 27 अगस्त, 2025 को एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) का गठन किया गया। अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने 3 से 8 सितंबर 2025 तक प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का मौके पर आकलन किया। आईएमसीटी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाती है।

इसके अलावा, संघ राज्य क्षेत्र जम्मू-कश्मीर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत निधि (पीएमएनआरएफ) के तहत, दिनांक 14.08.2025 को किश्तवार जिले में हुई बादल फटने की घटना में मारे गए 63 लोगों और घायल हुए 29 लोगों के संबंध में 140.50 लाख रुपये की राशि सीधे ऑनलाइन हस्तांतरित की गई।

(ख): संघ राज्य क्षेत्र जम्मू-कश्मीर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाढ़ प्रभावित परिवारों, किसानों आदि को प्रदान की गई राहत सहायता का जिलावार विवरण अनुलग्नक में संलग्न है।

***

**वर्ष 2025 के दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों/किसानों को वितरित की गई वित्तीय सहायता का विवरण (दिनांक 30.11.2025 तक)**

रु. (लाख में)

| क्र. सं. | ज़िला | जानमाल की हानि (आपदा के संदर्भ में) | | | | पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घर | | बुरी तरह क्षतिग्रस्त मकान | | आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त (कच्चे और पक्के मकान) | | क्षतिग्रस्त झोपड़ियाँ/पशुशालाएँ | | पशुधन की हानि | | बर्तन/कपड़े/टिन शेड | | फसल हानि के लिए (राशि) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मृतकों की संख्या | राशि | घायलों की संख्या | राशि | कुल संख्या | राशि | कुल संख्या | राशि | कुल संख्या | राशि | कुल संख्या | राशि | मौतों की संख्या | राशि | कुल संख्या | राशि | | |
| 1 | जम्मू | 8 | 24 | 0 | 0 | 138 | 163.2 | 276 | 322.8 | 1704 | 83.89 | 196 | 7.55 | 29 | 10.52 | 522 | 26.1 | 169.1 | **807.16** |
| 2 | सांबा | 0 | 0 | 0 | 0 | 14 | 18.2 | 58 | 72.1 | 665 | 34.67 | 270 | 13.3 | 0 | 0 | 110 | 5.5 | 22.94 | **166.71** |
| 3 | कठुआ | 10 | 40 | 13 | 1.3 | 242 | 314.6 | 218 | 283.4 | 1601 | 73.71 | 469 | 16.37 | 166 | 62.25 | 187 | 8.98 | 2.5 | **803.11** |
| 4 | रियासी | 48 | 168 | 32 | 1.51 | 82 | 98.8 | 167 | 215.6 | 639 | 27.58 | 363 | 10.89 | 27 | 9.97 | 0 | 0 | 0 | **532.35** |
| 5 | उधमपुर | 3 | 12 | 5 | 0.27 | 2268 | 2948.4 | 156 | 202.8 | 4423 | 176.92 | 1273 | 38.19 | 14 | 7.6 | 0 | 0 | 0 | **3386.18** |
| 6 | डोडा | 6 | 24 | 0 | 0 | 118 | 136.5 | 384 | 438.1 | 866 | 32.02 | 166 | 4.68 | 85 | 22.74 | 0 | 0 | 0 | **658.04** |
| 7 | किश्तवाड़ | 66 | 252 | 127 | 9.65 | 71 | 92.3 | 142 | 184.6 | 359 | 18.86 | 210 | 6.3 | 587 | 45.24 | 213 | 10.65 | 5.07 | **624.67** |
| 8 | रामबन | 5 | 20 | 1 | 0 | 16 | 20.8 | 101 | 131.3 | 644 | 28.04 | 148 | 4.44 | 375 | 12.07 | 0 | 0 | 0 | **216.65** |
| 9 | राजौरी | 4 | 16 | 0 | 0 | 260 | 336.4 | 223 | 285.9 | 521 | 22.91 | 371 | 11.23 | 136 | 15.51 | 1 | 0.02 | 0 | **687.97** |
| 10 | पूंछ | 1 | 4 | 0 | 0 | 95 | 123.5 | 93 | 120.9 | 200 | 9.7 | 65 | 1.95 | 44 | 4.09 | 2 | 0.1 | 0 | **264.24** |
| **कुल जम्मू संभाग** | | **151** | **560** | **178** | **12.73** | **3304** | **4252.7** | **1818** | **2257.5** | **11622** | **508.3** | **3531** | **114.9** | **1463** | **189.99** | **1035** | **51.35** | **199.61** | **8147.08** |
| 1 | अनंतनाग | 1 | 4 | 0 | 0 | 8 | 9.6 | 18 | 23.4 | 82 | 5.33 | 0 | 0 | 38 | 1.52 | 10 | 0.3 | 59.9486 | **104.10** |
| 2 | कुलगाम | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2.4 | 4 | 4.8 | 164 | 10.66 | 14 | 0.42 | 0 | 0 | 0 | 0 | 107.79 | **126.07** |
| 3 | पुलवामा | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1.2 | 0 | 0 | 288 | 18.72 | 49 | 1.58 | 0 | 0 | 0 | 0 | 98.67 | **120.17** |
| 4 | शोपियां | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12.78 | **12.78** |
| 5 | श्रीनगर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 104 | 3.38 | 0 | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 | **3.38** |
| 6 | गांदरबल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 11 | 0.715 | 5 | 0.15 | 15 | 5.625 | 0 | 0 | 0 | **6.49** |
| 7 | बडगाम | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1.2 | 22 | 26.4 | 299 | 19.435 | 2 | 0.06 | 0 | 0 | 0 | 0 | 305.9493 | **353.04** |
| 8 | बारामूला | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0.00** |
| 9 | बांदीपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.4075 | **0.41** |
| 10 | कुपवाड़ा | 0 | 0 | 1 | 0.054 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0.065 | 1 | 0.03 | 1 | 0.32 | 0 | 0 | 0 | **0.47** |
| **कुल कश्मीर संभाग** | | **1** | **4** | **1** | **0.054** | **12** | **14.4** | **44** | **54.6** | **949** | **58.305** | **71** | **2.24** | **54** | **7.465** | **10** | **0.3** | **585.5454** | **726.91** |
| **संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर का कुल** | | **152** | **564** | **179** | **12.784** | **3316** | **4267.1** | **1862** | **2312.1** | **12571** | **566.605** | **3602** | **117.14** | **1517** | **197.455** | **1045** | **51.65** | **785.1554** | **8873.99** |

****